बरेली, सोमवार
22 फरवरी, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

रोमांचक क्रिकेट मैच में जीती एसआरएमएस की टीम

एसआरएमएस में हुए मैत्रीपूर्ण मैच के बाद विजेता व उपविजेता टीम • जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) क्रिकेट स्टेडियम में दैनिक जागरण और एसआरएमएस के बीच मैत्रीय मैच हुआ। दोनों टीमों के बीच हुए यह रोमांचक मैच अंतिम ओवर तक चला। इसमें एसआरएमएस ने पांच विकेट से जीत हासिल की।

मैत्रीपूर्ण मैच की शुरुआत एसआरएमएस के सचिव व टीम के कप्तान आदित्य मूर्ति और दैनिक जागरण के महाप्रबंधक व टीम के कप्तान मुदित चतुर्वेदी ने टॉस से की। जागरण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवरों में 122 रन बनाकर एसआरएमएस को 123 रनों का लक्ष्य दिया। जागरण की टीम से अभिषेक द्विवेदी ने सबसे अधिक 36 और अभिषेक पांडेय ने 27 रन बनाए। जागरण टीम के चार खिलाड़ी रन आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस की टीम की शुरुआत अच्छी रही।

एसआरएमएस की ओर से सबसे अधिक यूसुफ अंसारी ने 43 रन जबकि अनुज शर्मा ने 25 रन बनाए। नितेश ने दो, अभिषेक प्रताप और मुदित चतुर्वेदी ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें मैन ऑफ द मैच यूसुफ अंसारी बने। एसआरएमएस के सचिव आदित्य मूर्ति ने पुरस्कार वितरण कर दोनों टीमों को खेल भावना को सराहा।